लॉक डाउन के दौरान एमआईटी ढालवाला द्वारा छात्र.छात्राओं के लिए घर पर ही जारी है ऑनलाइन कक्षाएं ॥

मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा छात्रों को उपलब्ध करवाई जा रही ऑनलाईन पाठ्य सामग्री

ऋषिकेश। लॉक डाउन के मध्य छात्र-छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुये,मॉडर्न इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी,ढालवाला ऋषिकेश में छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन कक्षा एवं पाठ्य सामाग्री उपलब्ध कराई जा रही है।कोरोना वायरस वैश्विक जानलेवा बीमारी से बचने के लिए देश व प्रदेश में घोषित लॉक डाउन के दौरान छात्र-छात्राओं की सुविधा को देखते हुए एमआईटी ढालवाला ऋषिकेश के सभी विभागों ने अपनी-अपनी आन-लाइन कक्षाएं पूर्व में ही गूगल पर शुरू कर दी थी। छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से पाठ्य सामग्री पहुँचाने के लिये सोशलमीडिया के साथ साथ गूगल की सेवाओं का प्रयोग किया जा रहा है। महाविद्यालय के निर्देशक रवि जुयाल ने बताया कि कोरोना वायरस महामारी से बचने के लिए देश व प्रदेश में लॉकडाउन की इस अवधि में हम सभी का कर्तव्य है कि हम घर पर रहकर स्वयं व समाज की सुरक्षा का कर्तव्य निभाएं। घर पर रहें सुरक्षित रहें। ऐसी स्थिति में महाविद्यालय ने भी छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कर दी थी। उन्होंने बताया कि लॉक डाउन के दौरान छात्र-छात्राएं विषय वार प्राध्यापकों से फोन,व्हाट्सएप, सोशल प्लेटफॉर्म, ईमेल आदि पर भी सीधे संपर्क कर रहे हैं।इसके लिए सभी प्राध्यापकों को निर्देशित कर दिया गया है कि वे ऑनलाइन पाठ्य सामग्री की सहायता से अपना अध्ययन-अध्यापन कार्य जारी रखें। उन्होंने बताया कि प्राध्यापकों द्वारा दिए जाने वाले निर्देशन की मदद से छात्रों के समय का सदुपयोग करते हुए समस्त छात्र-छात्राएं अपने छात्र धर्म का पालन करें। उन्होंने महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों को छात्र हित में व्हाट्सएप ग्रुप, गूगल क्लास, वीडियो शेयरिंग जैसे आईसीटी युक्त माध्यमों का समावेश करते हुए अपनी ऑनलाइन कक्षाएं निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए हैं।लॉक डाउन के मध्य छात्र-छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुये, मॉडर्न इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी, ढालवाला ऋषिकेश, छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन पाठ्य सामाग्री उपलब्ध करवा रहा है।इस दौरान छात्र अपने सभी विषय वस्तु से संबंधित पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के लिए आन-लाइन उपस्थित प्राध्यापकों के साथ अपने संशय को दूर कर पाठ्यक्रम को पूर्ण कर,परीक्षा के लिए तैयार रहें। इसी क्रम में संस्थान के निर्देशक रवि जुयाल ने एमआईटी ढालवाला ऋषिकेश में पढ़ रहे सभी विभागों के छात्र छात्राओं को यह निर्देश दिया है कि वह अपने अपने विभाग से तत्काल संपर्क कर एमआईटी ढालवाला, ऋषिकेश के ऑनलाइन लर्निंग के संपूर्ण प्रक्रिया से तत्काल जुड़ जाएं। संस्थान के आईटी संकाय,विज्ञान संकाय,वाणिज्य संकाय एवं शिक्षा संकाय लगातार ऑनलाइन कक्षाओं के संपादन के द्वारा अपने छात्रों को पाठ्यक्रम संबंधी असाइनमेंट,यूनिट टेस्ट एवं पाठ्य सामग्री का वितरण कर रहे हैं।